प्रेस नोट

दिनांक 28.02.2026

अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत कस्बा कोतवाली नगर में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च किया गया।

आज दिनांक 28.02.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु कस्बा कोतवाली नगर क्षेत्र में व्यापक फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करना तथा असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना रहा कि जनपद पुलिस शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। फ्लैग मार्च मुख्य बाजार, बस स्टैंड, प्रमुख चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से होकर गुजरा। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा आमजन, व्यापारियों एवं संभ्रांत व्यक्तियों से संवाद स्थापित कर त्योहारों को आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई।

फ्लैग मार्च में क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, महिला पुलिस कर्मी सम्मिलित रहे। मार्च के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की गई तथा सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा निर्देशित किया गया कि आगामी त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सतत गश्त, रात्रि भ्रमण एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया।

जनपद पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, सहित सर्किल के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, प्रभारी यातायात एवं अन्य समबन्धित अधिकारी कर्मचारीगण सम्मलित रहे।

सौभाग्य

सौभाग्य

HOTEL VEDIKA

सौभाग्य